हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
वंदे मातरम्

No. BSEH/SEC/2026

Circular No.- 02
Dated : 14-05-2026

"प्रेस नोट"

सभी सम्बन्धित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डी0एल0एड0 परीक्षा फरवरी/मार्च–2026 का परिणाम दिनांक 14.05.2026 को घोषित किया जा रहा है। छात्र–अध्यापक/अध्यापिका परीक्षा परिणाम बोर्ड की **Official Website** www.bseh.org.in पर देख सकते हैं। छात्र–अध्यापकों/अध्यापिकाओं की **Performance Sheets** शिक्षण संस्थाओं की **Login ID** पर भेजी जाएंगी तथा परीक्षा में रि–अपीयर रहे परीक्षार्थियों के आगामी परीक्षा अक्तूबर–2026 हेतु आवेदन–पत्र सम्बन्धित संस्था की **Login ID** के माध्यम से ऑनलाईन भरे जाएंगे। परीक्षा के प्रवेश वर्ष 2023–2025 व 2024–2026 से संबंधित रि–अपीयर रहे परीक्षार्थियों एवं प्रवेश वर्ष–2024–26 द्वितीय वर्ष नियमित तथा प्रवेश वर्ष 2025–2027 प्रथम वर्ष के नियमित परीक्षार्थियों की आगामी परीक्षा अक्तूबर–2026 हेतु आवेदन करने के लिए निम्नलिखित तिथियां निर्धारित की गई हैं:–

बिना विलम्ब शुल्क	21.05.2026 से 04.06.2026 (15 दिन)
100/– रूपये प्रति परीक्षार्थी विलम्ब शुल्क सहित	05.06.2026 से 11.06.2026 (07 दिन)
300/– रूपये प्रति परीक्षार्थी विलम्ब शुल्क सहित	12.06.2026 से 18.06.2026 (07 दिन)
1000/– रूपये प्रति परीक्षार्थी विलम्ब शुल्क सहित	19.06.2026 से 25.06.2026 (07 दिन)

डी0एल0एड0 (रि–अपीयर) छात्र–अध्यापकों के लिए परीक्षा शुल्क 800/–रूपये प्रति विषय है तथा एक से अधिक विषयों में (रि–अपीयर/फेल) परीक्षा शुल्क 200/–रूपये प्रति विषय अतिरिक्त तथा अधिकतम परीक्षा शुल्क 2000/–रूपये निर्धारित हैं। बोर्ड नियमानुसार डी0एल0एड0 प्रवेश वर्ष 2025–2027 नियमित छात्र–अध्यापकों के लिए परीक्षा शुल्क 4300/–रूपये प्रति छात्र दोनों वर्षों के लिए एक मुश्त निर्धारित किया गया है।

सभी छात्र अध्यापकों/अध्यापिकाओं को सूचित किया जाता है कि परिणाम घोषित होने उपरान्त जो भी छात्र उत्तर–पुस्तिकाओं का पूनर्मल्यांकन/पुनः जांच करवाना चाहते है वे 20 दिन के अन्दर बोर्ड की **Official Website** पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

अध्यक्ष